भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 634
उत्तर देने की तारीख 05 फरवरी, 2020

ग्रामनेट परियोजना

634. श्री संजय सेठ; श्री कुरुवा गोरांतला माधव; श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी; श्री बी°बी° पाटीलः

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ग्रामनेट के माध्यम से देशभर के सभी गांवों में वाई-फाई सुविधा प्रदान करने की योजना बना रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) ऐसे गांवों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है जहां सरकार ने उक्त सेवायें पहले से ही प्रदान कर रखी हैं; और

(घ) क्या इस प्रक्रिया में मध्यस्थों या कार्यान्वयन एजेंसियों के रूप में कोई निजी एजेंसी शामिल है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संचार, मानव संसाधन विकास तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री
(श्री संजय धोत्रे)

(क) से (ग) देश की लगभग सभी ग्राम पंचायतों (2,50,000) में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए भारतनेट परियोजना का चरणबद्ध तरीके से क्रियान्वयन किया जा रहा है। भारतनेट परियोजना के भाग के रूप में, सभी ग्राम पंचायतों में, वाई-फाई या अन्य किसी उचित ब्रॉडबैंड एक्सेस प्रौद्योगिकी के माध्यम से अंतिम छोर तक की कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई जानी है।
जिन ग्राम पंचायतों में वाई-फाई सेवाएँ उपलब्ध कराई गई हैं, उनका राज्य संघ राज्य-क्षेत्र वार का ब्यौरा **अनुबंध - 1** के रूप में संलग्न हैं।

(घ) भारतनेट चरण-। की लगभग 1.23 लाख ग्राम पंचायतों में, वाई-फाई सेवाएं आदि उपलब्ध कराने का दायित्व राजस्थान सरकार, सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसिस इंडिया लिमिटेड (इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन विशेष प्रयोजन साधन) को सौपा गया है। भारतनेट चरण-II की 1407 ग्राम पंचायतों में, वाई-फाई सेवाओं के साथ-साथ सैटेलाइट मीडिया पर कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने का दायित्व बीएसएनएल को सौंपा गया है।

अनुबंध - I

लोकसभा के दिनांक 05.02.2020 के अतारांकित प्रश्न संख्या 634 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

राज्य /संघ राज्य क्षेत्र-वार वाई-फाई प्रावधान का ब्यौरा

क्रम संख्या	राज्य /संघ राज्य क्षेत्र	वाई-फाई हॉटस्पॉट संस्थापित ग्राम पंचायतों की संख्या	वाई-फाई हॉटस्पॉट सक्रिय ग्राम पंचायतों की संख्या
1	अरुणाचल प्रदेश	160	155
2	आंध्र प्रदेश	0	0

क्रम संख्या	राज्य /संघ राज्य क्षेत्र	वाई-फाई हॉटस्पॉट संस्थापित ग्राम पंचायतों की संख्या	वाई-फाई हॉटस्पॉट सक्रिय ग्राम पंचायतों की संख्या
3	असम	4	4
4	बिहार	292	219
5	चंडीगढ़	12	12
6	छत्तीसगढ़	517	435
7	गुजरात	86	65
8	हिमाचल प्रदेश	200	157
9	हरियाणा	1063	712
10	जम्मू और कश्मीर	570	492
1 1	झारखंड	312	254
12	कर्नाटक	2569	1869
13	केरल	731	728
14	लद्दाख	170	169
15	मध्य प्रदेश	1350	826
16	महाराष्ट्र	776	437
17	मणिपुर	204	44
18	मेघालय	70	70
19	मिजोरम	60	20
20	ओड़ीशा	113	107
21	पुडुचेरी	81	81
22	पंजाब	0	0
23	राजस्थान	8813	3964
24	त्रिपुरा	157	77
25	उत्तर प्रदेश	27095	6827
26	उत्तराखंड	353	315
27	पश्चिम बंगाल	11	2
कुल योग		**45,769**	**18041**

*****